<u>दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा , मद्रास</u>

मई – 2010

समय : 10.00 से 1.00 बजे तक

दिनांक : 10–05–2010

उच्च शिक्षा और शोध संस्थान

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

बी.ए. (प्रथम वर्ष) परीक्षा

विषय : हिंदी (अनिवार्य) प्रश्न–पत्र : 1

शीर्षक : हिंदी साहित्य का इतिहास

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 75

---

**I निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में लिखिए : 3X10=30**

1. इतिहास की व्याख्या करते हुए इतिहास तथा साहित्येतिहास के अंतःसंबंध को स्पष्ट कीजिए ।
2. साहित्येतिहास लेखन में काल–विभाजन और नामकरण की आवश्यकता एवं महत्व पर एक निबंध लिखिए ।
3. भक्तिकालीन सांस्कृतिक, साहित्यिक परिस्थितियों का विवेचन कीजिए ।
4. कृष्ण भक्ति शाखा के प्रमुख कवि सूरदास पर एक लेख लिखिए ।
5. रीतिमुक्त काव्य धारा से क्या अभिप्राय है? इसके प्रमुख कवि घनानंद पर एक निबंध लिखिए ।

**II निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में लिखिए : 5X6=30**

1. **पृथ्वीराज रासो** हिंदी रासो काव्य परंपरा की महत्वपूर्ण रचना है । सिद्ध कीजिए ।
2. हिंदी साहित्येतिहास के विकास के सोपानों का परिचय दीजिए ।
3. **समाज सुधारक के रूप में कबीरदास** पर एक लेख लिखिए ।
4. **रासो** शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए रासो साहित्य का परिचय दीजिए ।
5. **भक्तिकाल में ललित कलाओं की स्थिति** पर चर्चा कीजिए ।
6. भक्तिकालीन साहित्य की **भाषा शैली** पर प्रकाश डालिए ।
7. रामभक्ति शाखा के प्रमुख कवि **तुलसीदास** पर एक निबन्ध लिखिए ।

www.StudyGuideIndia.com

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास

मई 2010

दिनांकः 11.05.2010 समयः10.00 बजे से 1.00 बजे तक

उच्च शिक्षा और शोध संस्थान

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

बी.ए. प्रथम वर्ष परीक्षा

विषयः हिन्दी (अनिवार्य) प्रश्न पत्रः 2

शीर्षक :सामान्य भाषा विज्ञान और हिन्दी भाषा की संरचना

समयः 3 घंटे पूर्णांकः 75

**I.निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिएः 3x10=30**

1. भाषा की परिभाषा देते हुए भाषा अभिव्यक्ति का एक सशक्त और सामाजिक माध्यम है – इस कथन की सत्यता पर प्रकाश डालिए।

2 .उच्चरित और लिखित भाषा का परिचय देते हुए इनकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3. ध्वनि की परिभाषा देते हुए ध्वनियों के वर्गीकरण पर प्रकाश डालिए।

4. रूप विज्ञान की परिभाषा देते हुए उसके क्षेत्र का निर्धारण कीजिए।

5. अर्थ की परिभाषा देते हुए अर्थ परिवर्तन की दिशाओं पर प्रकाश डालिए।

6. हिन्दी की प्रमुख बोलियों का परिचय दीजिए।

**II.निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिएः 5x6=30**

1. ''भाषा अर्जित संपत्ति है।'' स्पष्ट कीजिए।

2. भाषा और बोली की साहित्यिक विरासत पर विचार व्यक्त कीजिए।

3. हिन्दी के विभिन्न प्रकार के उपसर्गों का उदाहरण सहित परिचय दीजिए।

4. हिन्दी शब्द समूह विषय पर एक लेख लिखिए।

5. संयुक्त वाक्य से क्या तात्पर्य है। मिश्र वाक्य और संयुक्त वाक्य का अंतर उदाहरणों के साथ स्पष्ट कीजिए।

6. अर्थ विस्तार किसे कहते हैं? समझाइए।

7. हिन्दी भाषा के मध्यकाल की विशेषताएँ लिखिए।

8. 20–वीं शताब्दी में हिन्दी भाषा के विकास को समझाइए।

**III.निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिएः– 3x5=15**

1. हिन्दी भाषा और भारतेन्दु युग

2. हिन्दी भाषा का भौगोलिक क्षेत्र

3. डॉ धीरेन्द्रवर्मा का भाषा वर्गीकरण

4. देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता

5. ब्राह्मी से विकसित भारतीय लिपियाँ

6. हिन्दी के प्रत्यय

****************

www.StudyGuideIndia.com

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास

मई 2010

दिनांकः 12.05.2010 समयः10.00 बजे से 1.00 बजे तक

उच्च शिक्षा और शोध संस्थान

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

बी.ए. प्रथम वर्ष परीक्षा

विषयः हिन्दी (अनिवार्य) प्रश्न पत्रः 3

शीर्षक :भक्तिकालीन काव्य

समयः 3 घंटे पूर्णांकः 75

## I. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए। 3x10=30

1. चढ़ा आषाढ़ में जायसी ने वर्षा ऋतु का जो वर्णन किया है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।
2. "किन्हें दूरिते दंड प्रणाम" में राम का केवट के प्रति प्रेम सिद्व कीजिए।
3. "जसुमति" मन अभिलाष करै– इस पद के माध्यम से यशोदा के वात्सल्य भाव पर विचार कीजिए।
4. कबीरदास की काव्य गत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
5. "बसो मेरे नैनन में नंदलाल" पद में मीरा ने कृष्ण के सौंदर्य का जो वर्णन किया है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

## II. निम्नलिखित में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए। 4x5=20

1. जायसी के काव्य की विरहिणी नायिका का चित्र प्रस्तुत कीजिए।
2. तुलसीदास के रामराज्य की संकल्पना क्या थी ? लिखिए।
3. नागमति का विरह "पिउसौं कहेहु सँदकसरा ए काग" में किस तरह व्यक्त हुआ है ? समझाइए।
4. "माँगी के खैबो.......न दैंबेको देऊ" में व्यक्त तुलसी की विचारधारा पर प्रकाश डालिए।
5. "जिनके मन दस बीस" का यथार्थ प्रकट कीजिए।
6. जो मन ईश्वर का स्मरण नहीं करता उसके विषय में कबीर क्या सोचते हैं ?
7. मीरा ने प्रभु के चरण की जो महत्ता व्यक्त की है उसे क्रम से अपने शब्दों में लिखिए।
8. 'तेरी सौं, मेरी सुनि मैया, अब ही बियाहन जैहों ' के माध्यम से कृष्ण की बाल–सुलभ बातों का विवरण दीजिए।

## III. निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 5x5=25

1. पूस जाड़ थरथर तन कॉपा सुरुज जड़ाइ लंक दिसि तापा।

बिरह बाढ़ि भा दारुन सीऊ। काँप कँपि मरों लेहि हरि जीऊ।

कंत कहाँ हौं लागौं हियरें। पंथ अपार सूझ नहिं नियरें।

सौर सुमती आवै जूड़ी। जानहूँ सेज हिंवचल बूड़ी।

चकई निसि बिछुरै दिन मिला। हौं निसि बासर बिरह कोकिला।

रैनि अकेलि साथ नहि सखी, कैसे जिऔं बिछोही पँखी।

बिरह सैचान भँवें तन चाँड़ा। जीयत खाइ मुएँ नहिं छाँड़ा।

रकत ढ़रा माँसू गरा हाड़ भए सब संख।

धनि सारस होइ ररि मुई आई समटहु पंख।

(अथवा)

www.StudyGuideIndia.com

लागेउ माँह परै अब पाला। बिरहा काल भएउ जड़काला।

पहल पहल तन रूई जो झाँपै। हहलि हहलि अधिकौ हिय काँपै।

आइ सूर होइ तपु रै नाहाँ । तेहि बिनु जाड़ न छूटै माहाँ।

एहि मास उपजै रस मूलू । तूँ सो भँवर मोर जोबन फूलू।

नैन चुवहिं उस मांहुट नीरु। तेहि जल अंग लाग सर चीरू।

टूटहिं बुन्द परहि जस ओला। बिरह पवन होइ मारै झोला।,

केहिक सिंगार को पाहिर पटोरा। गियँ नहिं हार रही होई डोरा।

तुम्ह बिनु कंता धनि हरुई तन तिनुवर भा डोल।

तेहि पर बिरह जराई कै चह उड़ाबा झोल।

2. जायो कुल मंगन, बधावनो बजायो, सुनि

भयो परितापु पाप जननी –जनकको।

बारेतें ललात–बिललात द्वार–द्वार दीनु ,

जानत हो चारि फल चारि ही चनक को।

तुलसी सो साहेब समर्थको सुसेवकु है,

सुनत सिहात सोचु बिधिहू गनक को।

नामु राम। रावरो सयानो किधौ बावरो,

जो करत गिरीतें गरु तृनतें तनकको।

**(अथवा)**

खेती न किसान को, भिखारी को न भीख, भलि,

बनिकको बनिज , न चाकरको चाकरी।

जीविका बिहीन लोग सीद्यमान सोच बस,

कहैं एक एकन सों "कहाँ जाई, का करी ?"

बेदहूँ पूरान कही, लोकहूँ बिलोकिअत,

साँकरे सबै पै, राम! रावरें कृपा करी।

दारिद–दसानन दबाई दुनी, दीनबंधु।

दुरित–दहन देखि तुलसी हहा करी।

3. सँदेसो देवकी सों कहियो।

हौं तो धाय तिहारे सुत की कृपा करत ही रहियो।

उबटन तेल और तातो जल देखत ही भजि जाते।

जोई जोई माँगत सोइ सोइ देती करम करम करि न्हाते।

तुम तौ टेव जानतिंह व्हैहौ तऊ मोहिं कहि आवै।

प्रात उठत मेरे लाल लड़ैतेहि माखन–रोटी भावै।

अब यह सूर मोहिं निसीबासर बड़ो रहत जिय सोच।

अब मेरे अलक–लड़ैते लालन व्है हैं करत सँकोच।

**(अथवा)**

www.StudyGuideIndia.com

बिनु गुपाल बैरनि भई कुंजै।
तब वै लता लगति अति सीतल, अब भाई विषम ज्वाल की पुंजैं।
वृधा बहति जमुना, खग बोलत, वृथा कमल फूलनि अलि गुंजै।
पवन, पान, धनसार, सजीवन दधिसुत किरनी भानु भई भुँजै।
यह ऊधौ कहियौ माधौ सौं, मदन मरि कीन्हीं हम लुंजै
सूरदास प्रभु तुम्हरे दरस कौं, मग जोवत आँखियाँ भई गुँजैं।

4. सात समँद की मसि करौं, लेखनी सब बनराय।
धरती सब कागद करूँ, तऊ हरि गुण लिखा न जाय।

**(अथवा)**

दुर्लभ मानुष जनम है, देह न बारंबार।
तरुवर ज्यों पत्ता झड़ै, बहुरि न लागै डार।

5. बसो मेरे नैनन में नँदलाल।
मोर मुकुट मकराकृत कुँडल, अरुण तिलक दिए भाल।
मोहनि मूरति साँवरि सूरति, नैना बने बिसाल।
अधर–सुधा रस मुरली राजत, उर बैजंती–माल।
छुद्र धंटिका कटि–तट सोभित, नूपुर सबद रसाल।
मीराँ प्रभु संतन सुखदाई, भक्त बछल गोपाल।

**(अथवा)**

मनरे परसि हरि रे चरण ।
सुभग सीतल कँवल कोमलं, जगत ज्वाला हरण।
जिन चरण प्रह्लाद परस्याँ, इन्द्र पदवी धरण।
जिन चरण ध्रुव अटल करस्याँ, राखि अपनी शरण।
जिन चरण ब्रहमाण्ड भेंट्याँ, नखसिखाँ श्री भरण।
जिन चरण त्रयलोक नाप्यो छलन बलि उद्धरण।
जिन चरण रज परसि पावन तरी गौतम धरण।
जिन चरण कालियाँ नाथ्याँ, गोपीलाला करण।
जिन चरण गोबरधन धार्याँ गरब मधवा हरण।
दासि मीराँ लाल गिरधर, अगम तारण तरण।

****************

www.StudyGuideIndia.com

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास

मई 2010

दिनांकः 13.05.2010 समयः10.00 बजे से 1.00 बजे तक

उच्च शिक्षा और शोध संस्थान

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

बी.ए. प्रथम वर्ष परीक्षा

विषयः हिन्दी (अनिवार्य) प्रश्न पत्रः 4

शीर्षक :रीतिकालीन काव्य

समयः 3 घंटे पूर्णांकः 75

www.StudyGuideIndia.com

**I.निम्नलिखित में से किन्हीं तीन के उत्तर में लिखिएः 3x10=30**

1. भूषण का जीवन परिचय देते हुए बताइए कि भूषण ने "चमकती चपला न फेरत फिरंगै भट" पद में शिवाजी के सैनिकों का वर्णन किस तरह किया है?
2. रहीम का परिचय देते हुए "तरुवर फल नहीं खात है......" इस दोहे में रहीम ने क्या उपदेश दिया है लिखिए।
3. बिहारी का जीवन परिचय देते हुए "तो परवारौं उरबसी..........इस दोहे का भावार्थ लिखिए।
4. घनानंद के जीवन और कृतित्व का परिचय दीजिए।
5. ''कवि बोधा भयों अलमस्त महा'' इस पंक्ति के संदर्भ में पठित छंद की व्याख्या कीजिए।

**II. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के उत्तर लिखिएः 4x5=20**

1. शिवराज की सेना के आगमन का जो चित्र भूषण ने खींचा है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।
2. रहीम के अनुसार वह कौन–सी चीज है जो दबाने से भी नहीं दबती ? अपने शब्दों में क्रम से बताइए।
3. "कहत, नटत.........दोहे में श्रृंगार का जो उत्कर्ष है उसे अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।
4. घनानंद ने कारी कोकिला को क्रूर क्यों कहा है? समझाइए।
5. प्रेम के पंथ को हलाहल कहते हुए कवि ने क्या जताना चाहा। अपने शब्दों में लिखिए।
6. "छुटी ने सिसुता" में व्यक्त सौंदर्य की विवेचना कीजिए।
7. रहीम की नीतिपरक शिक्षा के विषय में पढ़े गए दोहों के आधार पर विचार कीजिए।
8. ''म्लेच्छन के मारिबे कों तोरे अवतार है।'' पंक्ति में भूषण क्या कहना चाहते हैं? समझाइए। शिवराज की सेना के आगमन का जो चित्र भूषण ने खींचा है, उसे अपने शब्दों में लिखिए?

**III. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिएः 5x5=25**

1. साजि चतुरंग–सैन अंग में उमंग धारी

 सरजा सिवाजी जंग जीतन चलत है।

भूषण भनत नाद–बिहद नगारन के

 नदीनद मद गैबरन के रलत हैं।

ऐल फैल खैल भैल खलक में गैल–गैल

गजन की ठैलपैल सैल उसलत है।

तारा सो तरनि धूरि धारा में लगत जिमि

थारा पर पारा पाराबार यों दलत है।।

**(अथवा)**

केतकी भौ दाना और बेला सब राजा भए

ठौर–ठौर रस लेते नित यह काज है,

सिगरे अमीर भए कुंद मकरंद भरे

भृंग सो भ्रमत लखि फूल को समाज है,

भूषण भनत सिवराज देस देसन की

राखि है बटोरी एक दच्छिन में लाज है,

तजत मलिंद जैसे तैसे तजिदूरभाग्यो

अलि अवरंगजेब चंपा सिवराज है।

2. बड़े बड़ाई ना करै, बड़े न बोलै बोल।

रहिमन हीरा कब कहै, लाख टका मेरो भोल।।

**(अथवा)**

रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजिए डारि।

जहाँ काम आवे सुई, कहा करे तरवारी।।

3. तो पर वारौं उरबसी, सुनि, राधिकै सुजान।

तु मोहन कै उरबसी है, उरबसी समान।।

**(अथवा)**

नहिं पराग नहिं मधुर मधु नहिं विकास इहिं काल।

अली, कली ही सौं बंध्यों, आगै कौन हवाल।।

4. कारि क्रूर कोकिला, कहाँ को बैर काढ़तिरी,

कूकि–कूकि अब ही करे जो किन कोर लै।

पैंडे परे पापी ये कलापी निसधोत ज्यौं ही,

चातक, धातक त्यौंही तू हू कान फोरि लै।

आनँद के धन प्रान–जीवन सुजान बिना,

जानि कै अकेली सब धेरौ दल जोरि लै।

जो लौं करैं आवज विनोद–बरसावन वे,

तौ लौं डरारे बजभोर धन धोरि लै।।

www.StudyGuideIndia.com

**(अथवा)**

बहै मुसक्यानि, वहै मुदु बतरानि वहै,
लड़कीली बानि आनि उर माँ अरती हैं।
वहै गति लैन, ओ बजावनि ललित बैन,
वहै हँसी दैन हियरा तें तन टरति है।
वहै चतुराई सों चिताई चाहिबे की छबि,
वहै छैलताई न छिनक बिसरति है।
आनंदनिधान प्रानप्रीतम सुजान जू की,
सुधि सब भाँतिन से बसुधि करति है।

5. यह "प्रेम" को पंथ हलाहल है सुतौ बेद पुरानऊ गावन हैं।
पुनि आँखिन देखौ सरोजन लै पर संभु के सीस–चढ़ावत है।
नरही पर माथे चढ़े हरि के फल जोग तैं एते न पावत हैं।
तुम्हैं नीकी लगै न लगै तो भले हम जान अजान–जनावत हैं।

(अथवा)

जबतें ब्रजराज को रूप लख्यो तबतें उर और न आनतु है।
निसिबासर संग रहै उनके हमकों धौं कबै पहिचानतु है।
कबि बोधा भयो अलमस्त महा कहूँ काहू की सीख न मानतु है।
तुम ऐसेहिं योहिं लटी करतीं मन मेरी कही नहिं ठानतु है।

****************

www.StudyGuideIndia.com

दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा–मद्रास

मई –2010

समय : 10 बजे से 1 बजे तक

दिनांक : 14.5.2010

**उच्च शिक्षा और शोध संस्थान**

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

बी.ए. प्रथम वर्ष परीक्षा

विषय : हिंदी (अनिवार्य) प्रश्न पत्र:5

शीर्षक : **तुलनात्मक साहित्य**

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 75

**I. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए : 3x10=30**

1. तुलनात्मक साहित्य के व्यापक स्वरूप पर विचार कीजिए।

2. भारतीय साहित्य की अवधारणा और स्वरूप के संदर्भ में तुलनात्मक साहित्य की भूमिका निर्धारित कीजिए।

3. नृतत्व ऽशास्त्र, समाज ऽशास्त्र तथा दर्शन ऽशास्त्र साहित्य के तुलनात्मक अध्ययन में कैसे सहयोगी हैं ? समझाइए।

4. व्याकरण, भाषा ऽशास्त्र तथा आलोचना ऽशास्त्र के साथ तुलनात्मक साहित्य के संबंधों पर विचार कीजिए।

5. बंगला लेखक ऽशरतचंद्र का जीवन परिचय दीजिए।

**II. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *पांच* के उत्तर लिखिए : 5x7=35**

1. **शेष प्रश्न** उपन्यास का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

2. व्यतिरेकी विश्लेषण से क्या तात्पर्य है ? व्यतिरेकी विश्लेषण के प्रमुख आधारों का परिचय दीजिए।

3. ऽ**शेष प्रश्न**ऽ के प्रमुख पुरुष पात्रों पर प्रकाश डालिए।

4. रघुवीर चौधरी का जीवन परिचय देते हुए उनके द्वारा रचित **महानगर** कविता का सारांश लिखिए।

5. तुलनात्मक साहित्य और व्याकरण– पर टिप्पणी लिखिए।

6. 'दीवानखाना' कविता का सारांश अपने ऽशब्दों में लिखिए।

**III. निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए : 2x5=10**

1.

कविता कोई पत्थर नहीं है
कि आप मारे
और सामने वाला हाथ ऊँचा कर दे
साफ़ा उतारे

www.StudyGuideIndia.com

और आप के पैरों में

रख दे।

कविता का असर

तन पर नहीं

मन पर होता है

मन की जंग लगी तलवार को

यह

पानी दे–दे कर धार देती है

***अथवा***

आखिर सब ठीक–ठाक हो गया

तभी सहसा चिटक गया मेरा मन

इन सबके बीच, मैं अपने को कहाँ रखूँ ?

खोजती हूँअपने लिए

ऐसा एक केंद्र

जहाँ पर मैं ठीक–ठीक बैठ सकूँ ।

लेकिन खिड़की के उस पार

राह देखती हुई

अब तक खड़ी हूँ मैं ।

2. स्त्रियों की मुक्ति, स्त्रियों की स्वतंत्रता तो आजकल हर स्त्री–पुरुष की जबान पर है लेकिन वह जबान आगे एक कदम भी नहीं बढ़ती। सो क्यों? जानती हो ? जब मालूम हुआ कि स्वाधीनता तत्व विचार से नहीं मिलती, न्याय धर्म की दुहाई देने से भी नहीं मिल सकती। सभा में खड़े होकर पुरुषों के साथ झगड़ने से भी नहीं मिलती। वास्तव में स्वाधीनता लेने–देने की वस्तु नहीं। कमल ने स्पष्ट कहा है कि यह स्वाधीनता हमारी पूर्णता से स्वयं आती है। बाहर से अण्डे का छिलका तोड़कर भीतर का जीव मुक्ति नहीं पाता। बल्कि मर जाता है।

**अथवा**

मैं नहीं कहती कि निष्ठा का कोई मूल्य नहीं है। लेकिन जो मूल्य युग–युग से लोग उसे देते आए हैं वह उसका मूल्य नहीं है। एक दिन जिससे प्रेम किया है, किसी भी दिन किसी भी कारण से उसमें परिवर्तन नहीं हो सकता ? मन का यह अचल–अडिग जड़ धर्म न तो स्वस्थ है और न सुंदर ही।

******

www.StudyGuideIndia.com

We ________________________________________________________ .

(4) [ her umbrella/ last night/in a restaurant/left ]

Jackie ________________________________________________________.

(5) [ opposite the park/a new hotel/are building ]

They __________________________________________________________.

IV. What do you say in these situations? Use a superlative **+ever**. Use the words in brackets [ in the correct form ]: 5x1=5

(1) Your friend has just told you a joke, which you think is very funny.

You say: [ funny/joke/hear ]

That's ________________________________________________________.

(2) You're drinking coffee with a friend. It's really good coffee.

You say: [ good/ coffee/taste ]

This _________________________________________________________ .

(3) You are talking to a friend about Mary. Mary is very generous.

You tell your friend about her: [ generous/person/meet ]

She __________________________________________________________.

(4) You have just run ten kilometers. You've never run further than this.

You say to your friend: [ far/run ]

That _________________________________________________________ .

(5) Your friend meets a lot of people, some of them famous.

You ask your friend:[ famous/person/meet? ]

Who __________________________________________________________.

V. Put the adjective in brackets in the correct position: 5x1=5

(1) an old house [ beautiful ]

______________________________________________________________

(2) an American film [ old ]

______________________________________________________________

(3) big clouds [ black ]

______________________________________________________________

(4) long hair [ black/ beautiful ]

______________________________________________________________

www.StudyGuideIndia.com

(5) an enormous umbrella [ red/ yellow ]

---

VI. Choose the correct word: 5x1=5

(1) I was **disappointing / disappointed** with the film. I had expected it to be better.

(2) Are you **interested / interesting** in football?

(3) The football match was very **exciting / excited**. I enjoyed it.

(4) Do you easily get **embarrassing / embarrassed**?

(5) I had never expected to get the job. I was really **amazed /amazing** when I was offered it.

VII. Complete each sentence using **who** / **whom** / **whose** / **where**: 5x1=5

(1) What's the name of the man _____________ car you borrowed?

(2) A pacifist is a person ___________ believes that all wars are wrong.

(3) What was the name of the person ______________ you spoke on the phone?

(4) The place ____________ we spent our holidays was really beautiful.

(5) This school is only for children ______________ first language is not English.

VIII. Which is the correct alternative? 5x1=5

(1) I've spent the **whole money / all the money** you gave me.

(2) Sue works **everyday / all days** except Sunday.

(3) I'm tired. I've been working hard **all the day / all day**.

(4) It was a terrible fire. **Whole building / The whole building** was destroyed.

(5) I've been trying to phone her, but **every time / all the time** I phone the line is busy.

IX. Complete the sentences with **both** / **neither** / **either** [ Use of where necessary ]:

(1) ______________ my parents are from London. 5x1=5

(2) To get to the town centre, you can go along the footpath by the river or you can go along the road. You can go ___________________ way.

(3) I tried twice to phone George, but ____________ times he was out.

www.StudyGuideIndia.com

(4) ____________________ Tom's parents is English. His father is polish and his mother is Italian.

(5) I've got two sisters and a brother. My brother is working, but _____________ my sisters are still at school.

X. Put in **little** / **a little** / **few** / **a few**: 5x1=5

(1) Gary is very busy with his job. He has ______________ time for other things.

(2) Listen carefully. I'm going to give you __________________ advice.

(3) Do you mind if I ask you ______________ questions?

(4) It's not a very interesting place to visit, so ________________ tourists come here.

(5) I don't think Jill would be a good teacher. She's got _______________ patience.

XI. Complete the sentences using the following words. Use the plural(-s) where necessary: 5x1=5

chair, experience, furniture, luggage, permission

(1) I didn't have much _____________________ -- just two small bags.

(2) There is room for everybody to sit down. There are plenty of ________________ .

(3) We have no ____________________________, not even a bed or a table.

(4) If you want to leave early, you have to ask for ___________________________.

(5) Paul has done many interesting things. He could write a book about his _____________________.

XII. Put a question tag on the end of these sentences: 5x1=5

(1) Kate won't be late, __________________________?

(2) You weren't listening, __________________________?

(3) Sue doesn't know Ann, __________________________?

(4) You can speak German, __________________________?

(5) I shouldn't have lost my temper, __________________________?

XIII. Complete the sentences using **get / got +** the following verbs [ in the correct form ]: 5x1=5

damage, hurt, pay, steal, use

www.StudyGuideIndia.com

(1) There was a fight at the party, but nobody ________________________.

(2) These tennis courts don't _______________________ very often. Not many people want to play.

(3) I used to have a bicycle, but it _______________________ a few months ago.

(4) Rachel works hard but doesn't ______________________ very much.

(5) Please pack these things very carefully. I don't want them to ___________________.

XIV. Complete the sentences with **mustn't** / or **don't** / **doesn't have to**: 5x1=5

(1) I don't want anyone to know about our plan. You __________________ tell anyone.

(2) Richard ___________________________ wear a suit to work, but he usually does.

(3) I can stay in bed tomorrow morning because I _____________________________go to work.

(4) Whatever you do, you ___________________ touch that switch. It's very dangerous.

(5) There's a lift in the building, so we ___________________________ climb the stairs.

XV. Make one sentence from two. Complete the sentences with an **--ing** clause: 5x1=5

(1) A man was sitting next to me on the plane. I didn't talk much to him.

I didn't talk much to the _______________________________________.

(2) A taxi was taking us to the airport. It broke down.

The ________________________________________________ broke down.

(3) There's a path at the end of this street. The path leads to the river.

At the end of the street there's a ___________________________________.

(4) A factory has just opened in the town. It employs 500 people.

A _______________________________________________ has just opened in the town.

(5) The company sent me a brochure. It contained the information I needed.

The company sent me __________________________________________.

www.StudyGuideIndia.com

***********

www.StudyGuideIndia.com